दिनांक : 01.07.2025 \ समयः 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की रोजगार-संबंधी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी।
- राज्य मंत्रिपरिषद की ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना पर मुहर, क्षतिग्रस्त पुलों के के लिए 4 हजार 572 करोड़ रूपये की स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चार जुलाई को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वितरित करेंगे लैपटॉप
- बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल का प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनना तय, कल होगा ऐलान

अब समाचार विस्तार से –

**केंद्रीय मंत्रिमंडल निर्णय**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विनिर्माण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने और सामाजिक सुरक्षा के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में मीडिया को मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी पर आए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन 15 हजार रुपये तक मिलेगा। उन्होंने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में दो वर्ष के लिए विस्तारित लाभ के साथ अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए नियोक्ताओं को दो वर्ष तक प्रोत्साहन लाभ दिया जाएगा। श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान विकास और नवाचार योजना को भी मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री ने बताया कि देश में खेल परिदृश्य को बदलने और खेल गतिविधियों के साथ नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय खेल नीति-2025 को भी मंजूरी दी गई है।

**प्रदेश मंत्रिमंडल निर्णय**

राज्य मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में आज आयोजित बैठक में इस पर मुहर लगी। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। बैठक के बाद निर्णयों की जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निर्माण योजना के क्रियान्वयन के लिए मंत्रिपरिषद ने 4 हजार 572 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति दी, इसके अलावा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय भोपाल में स्थापित किए जाने पर सैंद्धातिक स्वीकृति भी बैठक में दी गई।

**प्रधानमंत्री-डिजिटल इंडिया**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में 5-जी सेवा की शुरुआत दुनिया में सबसे तेज गति से हुई है। यहां केवल दो वर्षों में चार करोड 81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे होने पर एक ब्लॉग में श्री मोदी ने कहा कि हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों के साथ-साथ गलवान, सियाचिन और लद्दाख सहित अग्रिम सैन्य चौकियों तक भी पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, जो अब बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गए हैं।

डिजिटल इंडिया ने देश के आम नागरिकों को तकनीक से जोड़ा है जिससे लोगों का जीवन आसान हुआ है। पेश है

**लैपटॉप वितरण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 जुलाई शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जा रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के 500 से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सहभागिता करेंगे। प्रदेश में पिछले वर्ष 2023-24 में 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में 224 करोड़ 27 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गयी थी।

**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष**

बैतूल से भाजपा विधायक हेमंत खंडेलवाल का प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष बनना तय है उनके नाम की घोषणा कल सुबह 11 बजे की जाएगी। उन्होंने आज अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। उनके नाम का अनुमोदन मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किया। श्री खंडेलवाल के अलावा किसी का नामांकन जमा नहीं हुआ, जिससे यह तय है कि भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ही होंगे।

**जीएसटी - आठ साल**

देश में वस्तु और सेवा कर - जीएसटी लागू होने के आज आठ वर्ष पूरे हो गए हैं। इस कर प्रणाली को देश में आर्थिक एकीकरण और कर सुधारों की दिशा में एक बड़े बदलाव के रूप में साल 2017 में पेश किया गया था। इसने भारत में अप्रत्यक्ष करों की श्रृंखला को एकीकृत प्रणाली में बदल दिया है।

इधर, प्रदेश में भी 8वां जीएसटी दिवस मनाया जा रहा है। भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क, सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क मध्यप्रदेश मानस रंजन मोहंती ने की। इस समारोह में निर्यातकों और एमएसएमई सहित करदाताओं को विभिन्न मापदंडों पर सरकारी खजाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**इलक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी**

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा देने के लिये मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2025 तैयार की गई है। जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर में छूट और अनुदान दिये जाने की भी व्यवस्था की गई है। आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 6 शहरों में 582 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिये प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था, जिसे केन्द्रीय शहरी मंत्रालय से स्वीकृति मिल गयी है। इंदौर में 150, भोपाल में 100, ग्वालियर में 100, जबलपुर में 100, सागर में 32 एवं उज्जैन में 100 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने का प्रस्ताव है। पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत बस डिपो अधोसंरचना निर्माण के लिये भी प्रस्ताव तैयार किया गया है, इसमें 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा और शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा प्रदाय की जायेगी।

**देहदान-सम्मान**

प्रदेश में देहदान या अंगदान करने वालों के परिजन को राज्य सरकार 26 जनवरी एवं 15 अगस्त के कार्यक्रमों में सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज सोशल मीडिया 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि मृत्यु के बाद किसी को जीवन का उपहार देना सिर्फ दान नहीं, बल्कि यह अमरत्व प्रदान करने जैसा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव

ने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि देहदान अथवा हृदय, लीवर व गुर्दा दान करने वाले देहदानियों/अंगदानियों के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- पत्र सूचना कार्यालय भोपाल में आज केंद्रीय संचार ब्यूरो के मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में कार्यरत अधिकारियों की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महानिदेशक कार्यालय से महानिदेशक स्मिता वत्स शर्मा पश्चिम क्षेत्र, ने भाग लिया। कार्यशाला में सीबीसी, पीआईबी एवं दूरदर्शन समाचार के अधिकारियों से कार्य करने के दौरान होने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
- खंडवा जिले में आज से "सिकल मित्र पहल योजना" के साथ साथ 100 दिवसीय सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान प्रारंभ किया गया।
- सीहोर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर कल सिद्दीकगंज में वन भूमि पर लगभग 2000 हजार बांस के पौधे और 10000 सीताफल के बीज रोपे गए।
- शिवपुरी जिले में 3 जुलाई से निर्वाचक नामावली के त्रुटि रहित बनाने के निर्देशों के अंतर्गत बीएलओ के क्षमता विकास हेतु सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- अशोकनगर के शाढ़ौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र 1877 हितग्राही लाभान्वित होंगे।
- जनपद पंचायत देवास की टीम के द्वारा हाईवे पर गौवन्शों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिये उक्त गौवन्शों को गौशाला पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की रोजगार-संबंधी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी।
- राज्य मंत्रिपरिषद की ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना पर मुहर, क्षतिग्रस्त पुलों के के लिए 4 हजार 572 करोड़ रूपये की स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चार जुलाई को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वितरित करेंगे लैपटॉप
- बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल का प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनना तय, कल होगा ऐलान ।
- इस बुलेटिन में बस इतना ही, अगला बुलेटिन सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर, नमस्कार।

....................